साथ साथ | by Mukesh Goel

रहना सदा मेरे साथ साथ में
मेरे जीवन की डोर है तेरे हाथ में
रहना सदा ....

किस पे करून भरोसा मिलते कदम कदम पर धोखे
रंग बदले इस दुनिया ने तुम रहे हो मेरे होके
सच्चा साथी दिखा है मेरे श्याम आप में
रहना सदा ....

क्या बोलूं दुनिया की बाबा अपने बदल गए हैं
दिन बदले और मौसम बदले रिश्ते बदल गए हैं
सारी दुनिया दिखी है मेरे श्याम आप में
रहना सदा ....

इस काबिल कर देना बाबा कभी ना हाथ फैलाऊं
हो किसी चीज़ की इच्छा उदित की तुमसे मांगने आऊं
है कुबेर का खज़ाना श्री श्याम आप में
रहना सदा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-mukesh-goel/